गेल (इंडिया) लिमिटेड

कार्यकारी प्रशिक्षु की भर्ती (गेट-2021 अंक के आधार पर)

## प्राय: पूछे जाने वाले प्रश्न

| क्र.सं. | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 1. | मैं वर्तमान में बीई (रसायन) कोर्स के अंतिम वर्ष में हूं। क्या मैं कार्यकारी प्रशिक्षु (रसायन) के पद के लिए आवेदन करने के योग्य हूं? | वर्तमान में अपने इंजीनियरिंग डिग्री कोर्स के अंतिम वर्ष (2020-21) में पढ़ रहे उम्मीदवार भी आवेदन कर सकते हैं, बशर्ते कि सामान्य और ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों ने आवेदन करने के समय अंतिम सेमेस्टर/ वर्ष परीक्षा में कुल न्यूनतम **65%** अंक और अ.जा./अ.ज.जा./पीडब्ल्यूडी से संबंधित उम्मीदवारों ने कुल न्यूनतम **60%** अंक हासिल किए हों। कृपया गेल वेबसाइट www.gailonline.com में विस्तृत विज्ञापन का खंड संख्या **3.10** देखें। |
| 2. | मैं पेट्रोलियम में बी.ई./ बी.टेक कर रहा हूँ और मैंने गेट-2021 के लिए भी आवेदन किया है। लेकिन इस विषय विभाग/ शाखा का विज्ञापन नहीं दिया गया है। क्या मैं कार्यकारी प्रशिक्षु (रसायन) के पद के लिए आवेदन कर सकता हूं? | हम सूचित करना चाहते हैं कि पेट्रोलियम में ग्रेजुएट इंजीनियरिंग की डिग्री वाले उम्मीदवार कार्यकारी प्रशिक्षु (रसायन) के पद के लिए पात्र नहीं हैं। |
| 3. | मैंने वर्ष 2019 में इंजीनियरिंग में अपनी स्नातक की डिग्री पूरी की है और गेट-2021 के लिए आवेदन किया है। क्या मैं कार्यकारी प्रशिक्षु के पद के लिए आवेदन करने के योग्य हूं? | जिन उम्मीदवारों ने **वर्ष 2019 या उससे पहले** प्रासंगिक विषय / शाखा में इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री पूरी कर ली है, वे रसायन और इंस्ट्रूमेंटेशन विषय में ई-2 ग्रेड में कार्यकारी प्रशिक्षु के पद के लिए आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।<br><br>आप गेल की वेबसाइट: www.gailonline.com पर अपलोड किए गए विस्तृत विज्ञापन के खंड सं.3.12 को देख सकते हैं। |
| 4. | मेरे पास इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में बी.ई. /बी.टेक डिग्री है। लेकिन इस शाखा का विस्तृत विज्ञापन में उल्लेख नहीं किया गया है। क्या मैं कार्यकारी प्रशिक्षु (इंस्ट्रूमेंटेशन) के पद के लिए आवेदन कर सकता हूं? | हम सूचित करना चाहते हैं कि कार्यकारी प्रशिक्षु (इंस्ट्रूमेंटेशन) के पद के लिए, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन शाखा के इंजीनियरिंग स्नातक पात्र नहीं हैं। |

| क्र.सं. | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 5. | मैंने वर्ष 2019 में अपनी 05 वर्षीय बीई / बी टेक + एमई / एम.टेक एकीकृत दोहरी डिग्री पूरी की है और गेट-2021 के लिए आवेदन किया है। क्या मैं कार्यकारी प्रशिक्षु के पद के लिए आवेदन करने के योग्य हूं? | जिन उम्मीदवारों ने **वर्ष 2019 में या इससे पहले** प्रासंगिक विषय / शाखा में इंजीनियरिंग (वर्ष 05 में बीई / बी टेक + एमई / एम.टेक एकीकृत दोहरी डिग्री इंजीनियरिंग कोर्स में) में अपनी स्नातक डिग्री पूरी कर ली है, वे रसायन और इंस्ट्रूमेंटेशन विषय में ई-2 ग्रेड में कार्यकारी प्रशिक्षु पद के लिए आवेदन करने के लिए **पात्र नहीं हैं**।<br><br>आप गेल की वेबसाइट: www.gailonline.com पर अपलोड किए गए विस्तृत विज्ञापन के खंड सं. 3.12 को देख सकते हैं। |
| 6. | मेरे पास ऐसी शाखा/विषय में बी.ई./बी.टेक डिग्री है, जिसे विस्तृत विज्ञापन में निर्दिष्ट नहीं किया गया है। क्या मैं किसी भी इंजीनियरिंग विषय में कार्यकारी प्रशिक्षु के पद के लिए आवेदन कर सकता हूं? | **जी नहीं।**<br>विस्तृत विज्ञापन में निर्दिष्ट शाखा / विषय के अलावा किसी शाखा में इंजीनियरिंग की डिग्री रखने वाले उम्मीदवार इंजीनियरिंग विषय में कार्यकारी प्रशिक्षु के पद के लिए आवेदन करने के लिएं पात्र नहीं हैं। |
| 7. | क्या एएमआईई कर चुके उम्मीदवार इंजीनियरिंग विषय में कार्यकारी प्रशिक्षु के पद के लिए आवेदन कर सकते हैं? | इंजीनियरिंग विषय में कार्यकारी प्रशिक्षु के पद के लिए, किसी मान्यता-प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से प्राप्त निर्धारित योग्यता नियमित इंजीनियरिंग डिग्री अर्थात् बी.ई/ बी.टेक/ बी.एस.सी. इंजीनियरिंग है। इसे देखते हुए, एएमआईई योग्यता हमारी आवश्यकता को पूरा नहीं करती और इसलिए, एएमआईई योग्यता रखने वाले उम्मीदवार आवेदन करने के लिए पात्र नहीं हैं। |
| 8. | मुझे अपनी इंजीनियरिंग डिग्री की मान्यता के बारे में निश्चित नहीं है, क्या मैं आवेदन कर सकता हूं? | जैसा कि विस्तृत विज्ञापन में कहा गया है, योग्यता यूजीसी से मान्यता-प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय / यूजीसी द्वारा मान्यता-प्राप्त भारतीय मानित विश्वविद्यालय या स्वायत्त भारतीय संस्थानों/ संबंधित वैधानिक परिषद (जहां भी लागू हो) से एआईसीटीई द्वारा मान्यता-प्राप्त कोर्स प्राप्त की जानी चाहिए। |
| 9. | बीई (रसायन) के अंतिम सेमेस्टर में मेरे अंक 65% हैं। क्या मैं कार्यकारी प्रशिक्षु (रसायन) के पद के लिए आवेदन कर सकता हूं? | अनिवार्य योग्यता में निर्धारित अनुसार अंकों के न्यूनतम प्रतिशत को संस्थान/ विश्वविद्यालय के नियमों/ मानदंडों के अनुसार माना जाएगा। |

| क्र.सं. | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 10. | क्या शिक्षा योग्यता में अंकों के प्रतिशत में कोई छूट है? | अनिवार्य योग्यता में न्यूनतम प्रतिशत अंकों में छूट अ.जा., अ.ज.जा. और पीडब्ल्यूडी श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए प्रदान की जाएगी, जो विशेष रूप से संबंधित श्रेणी के लिए आरक्षित रिक्तियों के लिए आवेदन कर रहे हैं। जहां अनिवार्य योग्यता में न्यूनतम प्रतिशत अंक 65% निर्दिष्ट किए गए हैं, वहां अ.जा., अ.ज.जा. और पीडब्ल्यूडी श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए आवश्यक योग्यता में न्यूनतम प्रतिशत अंक में छूट 60% है। अनारक्षित (यूआर) पदों के लिए आवेदन करने वाले अ.जा., अ.ज.जा. और पीडब्ल्यूडी श्रेणी के उम्मीदवारों को योग्यता के सामान्य मानक के तहत माना जाएगा और शिक्षा योग्यता में न्यूनतम योग्यता प्रतिशत अंकों में कोई छूट उपलब्ध नहीं होगी। |
| 11. | मेरे स्नातक इंजीनियरिंग डिग्री कोर्स में अंकों के प्रतिशत के स्थान पर केवल सीजीपीए/ जीपीए/ एसजीपीए दिया गया है। क्या मैं अपने आवेदन में ग्रेड दर्ज कर सकता हूं? | जिन उम्मीदवारों को सीजीपीए / जीपीए / एसजीपीए या पत्र ग्रेड प्रदान किया गया है, को ग्रेड को प्रतिशत में परिवर्तित करना चाहिए और आवेदन पत्र में केवल समान प्रतिशत अंक प्रदान करने चाहिएं। अनिवार्य योग्यता में विनिर्दिष्ट अनुसार अंकों के न्यूनतम प्रतिशत को संस्थान / विश्वविद्यालय के नियमों / मानदंडों के अनुसार माना जाएगा। यदि विश्वविद्यालय / संस्थान कोई प्रतिशत या परिवर्तन फॉर्मूला प्रदान नहीं करते हैं, तो उम्मीदवार को विश्वविद्यालय / संस्थान से इस आशय का प्रमाण पत्र प्राप्त करना आवश्यक है, जो कि जीडी और/या साक्षात्कार के समय अपेक्षित होगा। |
| 12. | क्या गेल में कार्यकारी प्रशिक्षु के विज्ञापित पदों के लिए आवेदन करने हेतु अलग से आवेदन शुल्क देना होगा? | जी नहीं।<br>गेल में कार्यकारी प्रशिक्षु के विज्ञापित पदों के लिए आवेदन करने के लिए कोई अलग से आवेदन शुल्क नहीं है। तथापि, उम्मीदवारों को गेट-2021 में बैठने के लिए गेट की आधिकारिक वेबसाइट में विनिर्दिष्ट किए अनुसार अपेक्षित शुल्क का भुगतान करना होगा।<br>गेट के बारे में जानकारी 07 आईआईटी - बॉम्बे, दिल्ली, गुवाहाटी, कानपुर, खड़गपुर, मद्रास और रुड़की और आईआईएससी, बैंगलोर में भी उपलब्ध है। |
| 13. | मैं पिछले साल गेट में उत्तीर्ण हुआ था। क्या मुझे इस वर्ष गेट की परीक्षा देनी होगी? | जी हाँ।<br>गेट-2021 के अंक वर्ष 2021 के लिए गेल में भर्ती के लिए विचार करने हेतु एकमात्र वैध अंक है। गेट-2020 या उससे पूर्व के अंकों पर भर्ती के उद्देश्य के लिए गेल द्वारा विचार नहीं किया जाएगा। |

| क्र.सं. | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 14. | गेट कई पेपरों में अपनी परीक्षा आयोजित करता है। क्या सभी पेपरों के अंकों को गेल द्वारा माना जाएगा? | जी नहीं।<br>गेल 02 इंजीनियरिंग विषयों में गेट-2021 के अंकों पर विचार करेगा, जिसका विज्ञापन दिया गया है। कृपया गेल की वेबसाइट www.gailonline.com में विस्तृत विज्ञापन देखें। |
| 15. | क्या गेट में बैठने के लिए कोई ऊपरी आयु सीमा है? | गेट-2021 की आधिकारिक वेबसाइट में दी गई सूचना के अनुसार, गेट-2021 में बैठने के लिए कोई ऊपरी आयु सीमा नहीं है (कृपया इसकी पुष्टि के लिए गेट-2021 की आधिकारिक वेबसाइट देखें)।<br><br>तथापि, गेल में कार्यकारी प्रशिक्षु के विज्ञापित पदों पर आवेदन करने के लिए, उम्मीदवारों को विस्तृत विज्ञापन में निर्दिष्ट ऊपरी आयु सीमा मानदंड को पूरा करना होगा। कृपया गेल की वेबसाइट www.gailonline.com में विस्तृत विज्ञापन की खंड सं. 4 और शुद्धिपत्र देखें। |
| 16. | मैं अनारक्षित वर्ग से संबंध रखता/ती हूँ और 16.03.2021 को मेरी आयु 26 वर्ष 2 दिन है। क्या मैं पात्र हूँ? | जी नहीं।<br>विज्ञापन शुद्धिपत्र के अनुसार, गेल में आवेदन हेतु 16.03.2021 को ऊपरी आयु सीमा 26 वर्ष है। |
| 17. | गेट में बैठने के लिए क्या कोई न्यूनतम % अंकों की आवश्यकता है? | गेट-2021 की आधिकारिक वेबसाइट में दी गई सूचना के अनुसार, गेट-2020 में बैठने के लिए कोई न्यूनतम % अंकों की आवश्यकता नहीं है (कृपया इसकी पुष्टि के लिए गेट-2021 की आधिकारिक वेबसाइट देखें)।<br><br>तथापि, गेल में कार्यकारी प्रशिक्षु के विज्ञापित पदों पर आवेदन करने के लिए, उम्मीदवारों को विस्तृत विज्ञापन में निर्दिष्ट अनिवार्य योग्यता के न्यूनतम प्रतिशत अंकों की शर्त को पूरा करना होगा । कृपया **तालिका - 2** और गेल की वेबसाइट www.gailonline.com में विस्तृत विज्ञापन का खंड सं. **3.9, 3.10 और 3.11** देखें। |

| क्र.सं. | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 18. | गेट-2021 में बैठने के लिए कोई शारीरिक फिटनेस मानदंड हैं ? | गेट-2021 की आधिकारिक वेबसाइट में दी गई सूचना के अनुसार, गेट-2021 में बैठने के लिए कोई शारीरिक फिटनेस मापदंड नहीं है (कृपया इसकी पुष्टि के लिए गेट-2021 की आधिकारिक वेबसाइट देखें)।<br><br>तथापि, गेल में कार्यकारी प्रशिक्षु के विज्ञापित पदों पर उम्मीदवार की नियुक्ति गेल द्वारा पद के लिए निर्धारित मानकों के अनुसार चिकित्सकीय रूप से फिट होने के अधीन होगी। कृपया गेल की वेबसाइट www.gailonline.com में विस्तृत विज्ञापन का **खंड संख्या 7** देखें। |
| 19. | यदि मैं अपने गेट-2021 परीक्षा स्थल बदलना चाहता हूं या गेट-2021 फॉर्म में गलती सुधारना चाहता हूं या यदि मुझे पंजीकरण संख्या के साथ अपना गेट प्रवेश-पत्र डाउनलोड करने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, तो मुझे किससे संपर्क करना चाहिए? | आपको गेट - 2021 प्राधिकारियों से संपर्क करना होगा । गेट 2021 परीक्षा आयोजित करने पर गेल का कोई नियंत्रण नहीं है। प्रक्रिया को गेट-2021 बुलेटिन में उल्लेख किया गया है। |
| 20. | मैं कार्यकारी प्रशिक्षु के पद के लिए गेल में कब आवेदन कर सकता हूं ? | गेल की ऑनलाइन आवेदन करने की प्रणाली **दिनांक 15.02.2021 को 1100 बजे से दिनांक 16.03.2021 को 1800 बजे तक** उपलब्ध होगी। |
| 21. | गेल गेट स्कोर का उपयोग कैसे करेगा? | जिन उम्मीदवारों ने गेल में आवेदन किया है उनको शॉर्टलिस्ट करने के लिए गेल गेट-2021 अंकों का उपयोग करेगा। आगे की चयन प्रक्रिया में जीडी और / या साक्षात्कार शामिल होगा। हालांकि, गेल किसी भी स्तर पर चयन प्रक्रिया में परिवर्तन / संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। गेल को सीधे गेट प्राधिकारी से गेट-2021 स्कोर प्राप्त होंगे । केवल वे अभ्यर्थी, जो संबंधित इंजीनियरिंग डिग्री के साथ प्रासंगिक विषयों में गेट-2021 में सम्मिलित होंगे और जिन्होंने गेल के साथ स्वयं को पंजीकृत किया है, और सभी मामलों में पात्र हैं, गेल में आगे की चयन प्रक्रिया के लिए उन्हीं पर विचार किया जाएगा । |
| 22. | क्या मैं गेट - 2021 के प्रवेश - पत्र को डाउनलोड करने से पहले गेल में | जी नहीं। |

| क्र.सं. | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| | आवेदन कर सकता हूं? | गेट-2021 प्रवेश-पत्र में आपका गेट-2021 पंजीकरण संख्या होगा, जो कि गेल में आवेदन हेतु पूर्वापेक्षा है। |
| 23. | गेल में कार्यकारी प्रशिक्षुओं के विज्ञापित पद के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया क्या है? | ऑनलाइन आवेदन करने के लिए विस्तृत तरीका/ प्रक्रिया/ निर्देश गेल की वेबसाइट www.gailonline.com पर दिनांक **15.02.2021** को **1100** बजे होस्ट किए जाएंगे। |
| 24. | मैं सरकारी / सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी में कार्यरत हूँ। क्या मुझे पद के लिए आवेदन करते समय अपने वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण-पत्र/ अग्रेषण पत्र संलग्न करना चाहिए ? | वर्तमान में केंद्र/राज्य सरकार के विभागों, केंद्र / राज्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या अर्ध सरकारी संगठन में कार्यरत उम्मीदवारों को समूह चर्चा और / या साक्षात्कार में बुलाए जाने के समय अपने वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) अनिवार्यत: प्रस्तुत करना होगा। इस संबंध में एनओसी के अलावा अन्य कोई दस्तावेज स्वीकार्य नहीं होगा। आप तदनुसार आवेदन कर सकते हैं। |
| 25. | मैं प्रश्न पूछने के लिए किससे संपर्क करूं? | ऊपर उत्तर न दिए गए किसी भी प्रश्न के लिए, आप हमें career@gail.co.in पर लिख सकते हैं। |
| 26. | मैंने अपनी 05 साल की बीई / बीटेक / एमबीए की दोहरी डिग्री प्राप्त कर ली है और गेट-2021 के लिए आवेदन किया है। क्या मैं कार्यकारी प्रशिक्षु के पद के लिए आवेदन करने के योग्य हूं? | जिन उम्मीदवारों के पास संबंधित विषय में इंजीनियरिंग की 05 वर्षीय बी.ई./ बी.टेक / एम. टेक की एकीकृत दोहरी डिग्री है, केवल उन्हीं पर विचार किया जाएगा। बी.ई./ बी.टेक + एमबीए जैसी अन्य किसी प्रकार की एकीकृत दोहरी डिग्री कोर्स करने वाले उम्मीदवार कार्यकारी प्रशिक्षु के पद के लिए आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।<br><br>कृपया गेल की वेबसाइट www.gailonline.com में विस्तृत विज्ञापन का खंड संख्या 3.7 देखें। |
| 27. | मैं ओबीसी "क्रीमी लेयर" से संबंधित हूँ। आवेदन करते समय मुझे किस श्रेणी का चयन करना चाहिए? | ओबीसी श्रेणी के उम्मीदवार, जो "क्रीमी लेयर" से संबंधित हैं, ओबीसी छूट प्राप्त करने के पात्र नहीं हैं और ऐसे उम्मीदवारों को गेल में आवेदन करते समय अपनी श्रेणी को "सामान्य" के रूप में इंगित करना होगा।<br><br>कृपया गेल की वेबसाइट www.gailonline.com में विस्तृत विज्ञापन का खंड संख्या 9.5 देखें। |

| क्र.सं. | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 28. | रिक्तियों की कुल संख्या क्या है? | नियत समय में डिसिप्लिन-वाइज़ कुल रिक्तियां अधिसूचित की जाएंगी, जो गेल की आवश्यकता के अनुसार बढ़ या घट सकती हैं। |
| 29. | मैं ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी से संबंधित हूं और मेरा उक्त प्रमाण पत्र मई 2020 में जारी किया गया है? | उम्मीदवारों को ध्यान देना चाहिए कि ओबीसी (एनसीएल) प्रमाणपत्र गेल में जीडी और / या साक्षात्कार की तिथि पर मान्य होना चाहिए।<br>यदि ओबीसी (एनसीएल) की वैधता तिथि चयन प्रक्रिया (जीडी और / या साक्षात्कार) पर समाप्त हो जाती है, तो उम्मीदवार को सक्षम प्राधिकारी के पास पुन: आवेदन करना होगा और निर्धारित प्रारूप में अद्यतन किए गए प्रमाण पत्र को गेल में चयन प्रक्रिया की तिथि पर ले जाना होगा। |
| 30. | मैं ईडब्ल्यूएस श्रेणी का हूं और मेरा उक्त प्रमाण पत्र मई 2020 में जारी किया गया है? | उम्मीदवारों को ध्यान देना चाहिए कि ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र गेल में जीडी और / या साक्षात्कार की तिथि पर मान्य होना चाहिए।<br><br>यदि ईडब्ल्यूएस की वैधता तिथि चयन प्रक्रिया (जीडी और / या साक्षात्कार) पर समाप्त हो जाती है, तो उम्मीदवार को सक्षम प्राधिकारी के पास पुन: आवेदन करना होगा और निर्धारित प्रारूप में अद्यतन किए गए प्रमाण पत्र को गेल में चयन प्रक्रिया की तिथि पर ले जाना होगा। |